दिनांक– 06/08/2024 समय: 7.10 पीएम

## आकाशवाणी भोपाल

### मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री डा मोहन यादव बेंगलुरु में आयोजित इंवेस्टर्स रोड़ षो में उद्योगपतियों से करेंगे संवाद।
- दसवां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस कल, उपराष्ट्रपति दिल्ली में करेंगे उदघाटन।
- माध्यमिक शिक्षा मंडल ने घोषित की बोर्ड परीक्षाओं की तारीखें।
- प्रदेष में मौसम ने करवट ली अब तेज बारिष की संभावना कम।

### इंटर एक्टिव सत्र–बेंगलुरु

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बेंगलुरु में कल 7 और 8 अगस्त को आयोजित दो दिवसीय इन्वेस्टर रोड–शो में उद्योगपतियों से संवाद करेंगे। राज्य की विकास योजनाओं में नवीन तकनीक की सहायता लेने और उपयोग बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश पहली बार स्पेस टेक कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रित कर रहा है।

स्पेस टेक्नोलॉजी सेक्टर में काम कर रही कंपनियां उपग्रह चित्रण और डाटा एनालिटिक्स की सेवाएं उपलब्ध कराती है। इन कंपनियों का उद्देश्य अंतरिक्ष में सुरक्षा को बढ़ाना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आईटी सेक्टर की कंपनियों से भी संवाद और निवेश की संभावना

पर चर्चा करेंगे। प्रदेश में गारमेंट इंडस्ट्री की संभावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री प्रमुख परिधान और वस्त्र कंपनियों के साथ चर्चा करेंगे।

## हथकरघा दिवस

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 10वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा समारोह में भाग लेंगे। समारोह में अनेक सांसद, प्रतिष्ठित हस्तियां, डिजाइनर, उद्योग प्रतिनिधि और निर्यातक, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और साथ ही देश भर से 1000 से अधिक बुनकर शामिल होंगे। कपड़ा मंत्रालय के मुताबिक समारोह के दौरान हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए हथकरघा बुनकरों को संत कबीर पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ 10वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह के हिस्से के रूप में देश भर में सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का उद्देश्य हथकरघा बुनकरों को सम्मानित करना और देश के सांस्कृतिक, पारंपरिक और आर्थिक परिदृश्य में उनके योगदान की सराहना करके हथकरघा उद्योग को प्रेरणा और गर्व की भावना प्रदान करना है।

## पौधारोपण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी भोपाल में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविंदपुरा स्थित मुख्यालय परिसर में आज

पौधारोपण कर बिजली कंपनियों के परिसर में पौधे लगाने के अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश प्रकृति के श्रृंगार, पर्यावरण की स्वच्छता व सुंदरता के लिए संकल्पित है एवं पौधरोपण के नये कीर्तिमान रच रहा है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने ऊर्जा संरक्षण का संदेश देते बिजली एवं विद्युत नामक दो चित्रों का अनावरण भी किया। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रदेश में बिजली कंपनियों के परिसर में एक लाख से अधिक पौधे लगाये जाएंगे।

**<u>सिटी फारेस्ट</u>**

लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग द्वारा इंदौर और जबलपुर शहरी क्षेत्र में नगर वन  यानि सिटी फारेस्ट विकसित करने की तैयारी की जा रही है। विभाग द्वारा वित्त वर्ष 2024–25 की कार्य योजना में नगर वन विकसित करने संबंधी प्रस्ताव रखा गया है। लोक परिसंपत्ति प्रबंधन जिला प्रोत्साहन योजना' के अंतर्गत विभाग द्वारा जिलों में मौजूद आधारभूत संरचनाओं को और अधिक सुदृढ़ कर इन्हें नई आवश्यकतानुसार विकसित किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत जारी वित्त वर्ष 2024–25 में इस योजना में 16 जिलों से पात्रतानुसार 65 करोड़ 49 लाख रूपये के विकास प्रस्ताव प्राप्त करने के लिये भी विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

## उद्यमी सम्मेलन—देवास

देवास में आज अखिल भारतीय उद्यमी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में महिलाओं और युवाओं पर केंद्रित तीन दिवसीय स्वयं सिद्धा इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर 2024 भी आयोजित किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इस समागम में 3000 से अधिक उद्यमी भाग ले रहे है, जिसमें लगभग 300 से ज्यादा अन्य प्रदेशों के है। सम्मेलन में 100 से ज्यादा स्टॉल लगाए गये हैं।

## बोर्ड परीक्षा

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आज हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 की तारीखें घोषित कर दी हैं। हायर सेकेंडरी परीक्षा 25 फरवरी से शुरू होगी और 25 मार्च को खत्म होगी। वहीं हाई स्कूल की परीक्षा 27 फरवरी को शुरू होकर 19 मार्च को खत्म होगी। ये परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 तक चलेंगी। फिलहाल, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी के परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में बोर्ड ने इस सत्र में परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की आधिकारिक संख्या घोषित नहीं की है।

## कस्टम हायरिंग केंद्र

खेती में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के लिए शहडोल जिले में कृषि विभाग द्वारा 20 नए कस्टम हायरिंग केंद्र खोलने की तैयारी है। पूरे प्रदेश में इस तरह के 1000 केंद्र खोले जा रहे हैं। इन केन्द्रों से कृषि क्षेत्र में सुधार के साथ युवाओं को रोजगार

मिलेगा। इस व्यवस्था के तहत युवा बैंक से लोन लेकर 10 से 25 लाख कीमत के कृषि यंत्र खरीद सकेंगे। इसमें ट्रेक्टर, कल्टीवेटर, रोटावेटर, सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, थ्रेसर या स्ट्रीरीपर और ट्राली सुपर सीडर, पैडी ट्रांसप्लांटर पावर, वीडर जैसी मशीनरी खरीद सकेंगें। इनकी खरीदी में सरकार 40 प्रतिशत तक का अनुदान देगी। एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के माध्यम से तीन प्रतिशत ब्याज का लाभ मिलेगा। युवा अपने गांव व आसपास कस्टम केंद्र खोलकर किसानों को खेती में उपयोग होने वाली मशीन किराए पर देंगे। इससे उनको एक स्थाई रोजगार मिलेगा। सहायक कृषि यंत्री रितेश पयासी ने बताया कि जिले में 48 सीएचसी केंद्र पहले से काम कर रहे हैं।

## महिला सम्मेलन

भोपाल के रवीन्द्र भवन में आगामी 12 अगस्त को नगरीय निकायों की महिला जनप्रतिनिधियों का सम्मेलन और रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस सम्मेलन में करीब 3 हजार महिला जनप्रतिनिधियों के शामिल होने का अनुमान है। सम्मेलन में स्वसहायता समूह के द्वारा स्टॉल लगाये जायेंगे। वहीं प्रतिनिधियों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। साथ ही नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा टीडीआर पोर्टल भी लांच किया जायेगा।

## मौसम

मानसून ट्रफ के प्रदेश से ऊपर निकलने और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कमजोर होने से राज्य में अब भारी बारिश का दौर अगले एक सप्ताह थमा रहेगा। अब तक प्रदेश में औसत 24.4 इंच बारिश हो चुकी है, जो सीजन की 65 प्रतिशत है। भोपाल, मंडला, सिवनी, नर्मदापुरम सहित 7 जिले ऐसे हैं, जहां पर 30 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है। मंडला में सबसे ज्यादा 36.67 इंच बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून ट्रफ मध्यप्रदेश के ऊपर से गुजर रही है। इस वजह से भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। हालांकि प्रदेश में गरज–चमक की गतिविधि बनी रहेगी। इससे आकाशीय बिजली गिरने या चमकने के मामले बढ़े रहेंगे। इसलिए बिजली चमकने के दौरान लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है।

## समाचार संक्षेप

- पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर संरक्षापूर्वक सराहनीय एवं उत्कृष्ठ कार्य करने वाले 24 कर्मचारियों को मण्डल रेलवे प्रबंधक रजनीश कुमार द्वारा 'पर्सन ऑफ द मंथ' पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

- शिवपुरी जिले में 8 अगस्त से प्रत्येक गुरूवार को शासकीय शालाओं में डिप्थीरिया से बचाव हेतु टीडी का टीकाकरण किया जाएगा

- छतरपुर जिले के अन्तर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत किसान अपनी फसलों को प्राकृतिक प्रकोप से होने वाले

नुकसान की छति पूर्ति भरपाई के लिए 31 जुलाई से बढ़ाकर 16 अगस्त 2024 की गई है।

- इंदौर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये अनेक विकास कार्य करवाये जाएंगे। इसके लिये मास्टर प्लान लगभग तैयार हो गया है।

- लोकायुक्त पुलिस सागर ने जिले के  बीना में चौकी प्रभारी को 30 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया है।

- गुना में आज कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं का निराकरण किया गया।

- रायसेन में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।